>

Title: Need to construct overbridges on level crossings and repair National Highway Nos. 26 and 86 passing through Sagar in Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): मध्यप्रदेश के सागर संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 एवं 26 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पिछले 6 माह से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 में मकरोनिया से 80 किलोमीटर हीरापुर तक की पूर्व में निविदा आमंत्रित की गई थी। परंतु निविदा स्वीकृत नहीं की गई। मकरोनिया रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण की भी निविदा हो चुकी है, परंतु स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही है। जबकि राष्ट्रीय राजामार्ग क्रमांक 86 एवं क्रमांक 26 के निर्माण/मरम्मत तथा मकरोनिया रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण किए जाने की अति आवश्यकता है।